# कार्यकारी अधिकारी, कार्यालय नगर परिषद ऊना, O/C
# जिला ऊना(हि०प्र०)

संख्या: एमसीयू/गृहकर-जी.आई.एस मैपिंग-2/-2024-1769-1770 21 /सितम्बर/2024

**नोटिस: उन सम्पति मालिकों के लिए नोटिस, जिन्होंने जीआईएस मैपिंग सर्वेक्षण टीम को सम्पति के माप के बारे में जानकारी नहीं दी है, और जो सम्पति मालिक नगर परिषद ऊना में अभी उपलव्ध अपनी सम्पति की जानकारी में बदलाव करवाना चाहते हैं या नवीनतम बनी सम्पति की जानकारी दर्ज करवाना चाहते हैं |**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जी. आई. एस आधारित मैपिंग और नगरपालिका सम्पतियों के सर्वेक्षण का डाटा सबमिशन, **A.G.I.S.A.C-HIMCOSTE, 34, SDA Complex, Kasumpti, Shimla, Himachal Pradesh**, द्वारा पूरा कर लिया गया है और **निदेशक शहरी विकास विभाग शिमला** के आदेश अनुसार गृह कर भुगतान को ऑनलाइन करने के लिए जीआईएस मैपिंग सर्वेक्षण के ज़रिये प्राप्त हुई सम्पतियों से सम्बंधित पूरी जानकारी को **e-Samapti portal** (https://propertytax.hp.gov.in) पर दर्ज कर दिया गया है | इस नोटिस के माध्यम से उन सम्पति मालिकों को सूचित किया जाता है जिन्होंने सर्वेक्षण के दौरान अपनी सम्पति के माप से सम्बंधित जानकारी सर्वेक्षण टीम को उपलव्ध नहीं करवाई है, आप सभी से अनुरोध किया जाता है कि अपनी सम्पति के माप सम्बंधित जानकारी (*House Area in sqmtrs, including pavement area*) शीघ्र कार्यालय नगर परिषद ऊना को उपलव्ध करवाएं |

जिन सम्पति मालिकों को, **e-Samapti portal** (https://propertytax.hp.gov.in) पर दर्ज अपनी सम्पति की जानकारी में बदलाव करवाना है, वह कार्यालय नगर परिषद ऊना में आकर बदलाव करवा सकते हैं और इसी के साथ नवीनतम बनी सम्पतियों के मालिकों से भी अनुरोध किया जाता है की वह भी अपनी सम्पति के माप सम्बंधित जानकारी (*House Area in sqmtrs, including pavement area*) शीघ्र नगर परिषद ऊना को उपलव्ध करवाएं |

आप सभी से अनुरोध किया जाता है कि कृपया उपरोक्त जानकारी शीघ्र ही इस कार्यालय में जमा करें, ताकि भविष्य में आपको किसी भी प्रकार की वसूली का सामना न करना पड़े। **सूचनार्थ प्रेषित, धन्यवाद** |

1769-1770 dt 21-9-2024

(ललित कुमार),
कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद ऊना,
जिला - ऊना (हि०प्र०) |

प्रतिलिपि :- सम्पादक हिमाचल दस्तक समाचार पत्र ऊना के आवश्यक प्रकाशन हेतु अग्रेषित है |

2- Notice Board M.C Una.

21/09/2024

Executive Officer
Municipal Council
Una (H.P.)